पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

पटना नगरपालिका
1864
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 19/CAMP
Date / दिनांक: 25/07/2026

**अतिमहत्वपूर्ण**

प्रेषित,

1. M4 Solution Pvt Ltd, मानवबल आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी
2. M/s Virtuous India Private Limited, मानवबल आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी
3. Mauryan Kars Auto Services LLP, चालक आपूर्तिकर्त्ता एजेन्सी

पटना नगर निगम।

**विषय :- आगामी हड़ताल को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर पर्याप्त चालक/मानवबल की उपस्थिति सुनिश्चित करने के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि पटना नगर निगम संयुक्त कर्मचारी समन्वय समिति के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर 30 जुलाई 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की सूचना प्राप्त है।

विदित हो कि पटना नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य के सफल संपादन हेतु निविदा के माध्यम से आपके द्वारा चालक तथा मानवबल की आपूर्ति की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सफाई व्यवस्था एक महत्वपूर्ण कार्य है। हड़ताल को ध्यान में रखते हुए पटना नगर निगम क्षेत्र में किसी प्रकार स्वच्छता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़े, इस हेतु यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके कर्मी के द्वारा इस हड़ताल में किसी भी प्रकार की सहभागिता/संलिप्तता नहीं रहे। साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर पर्याप्त चालक/मानवबल की उपस्थिति भी सुनिश्चित करेंगे।

अतः उक्त के आलोक में आप सभी निदेशित है कि आगामी हड़ताल को दृष्टिगत रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था के आधार पर पर्याप्त चालक/मानवबल की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। तथा आवश्यक तैयारी से संबंधित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेंगे।

25/07/26

अपर नगर आयुक्त (सफाई)
पटना नगर निगम

ज्ञापांक :- 19/CAMP, दिनांक :- 25/07/2026

प्रतिलिपि :-

1. सभी कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को सादर सूचनार्थ समर्पित।

25/07/26

अपर नगर आयुक्त (सफाई)
पटना नगर निगम